महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और अमेरिकी सेना का युद्धाभ्यास जारी

अपाचे हेलिकॉप्टर से रेगिस्तान में टारगेट उड़ाए, स्वदेशी धनुष तोप और पिनाका से भी फायरिंग

बीकानेर, (निसं)। जिले की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और अमेरिका की सेना संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही है। 'युद्ध अभ्यास-2026' में एएच-64 ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर, भारत और अमेरिकी सेना के जवानों के साथ मिलकर इंटीग्रेटेड ऑपरेशनल ड्रिल में हिस्सा ले रहे हैं।

रेगिस्तानी इलाके में दोनों देशों के जवान आर्टिलरी, रॉकेट सिस्टम, एयर डिफेंस, काउंटर ड्रोन तकनीक और एविएशन क्षमताओं का इस्तेमाल कर अभ्यास कर रहे हैं। इसमें एम 777 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर, स्वदेशी धनुष 155एमए तोप और पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर के साथ फायरिंग ड्रिल शामिल है। इस युद्धाभ्यास के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें एएच-64 अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर से जमीन पर दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों पर पिन पॉइंट अटैक होता नजर आ रहा है। जबकि दूसरे वीडियो में दो हेलिकॉप्टर तेजी से टारगेट पर अटैक करते हैं।

संयुक्त युद्धाभ्यास की खासियत केवल अलग-अलग हथियारों की फायरिंग नहीं, बल्कि उन्हें एक संयुक्त ऑपरेशन में इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग है। टारगेट की पहचान, सूचना का आदान-प्रदान, फायर कमांड, आर्टिलरी और रॉकेट फायर, ड्रोन खतरे की पहचान और काउंटर ड्रोन जैसी प्रक्रियाओं को भी शामिल किया जा रहा है। स्वदेशी धनुष 155 एमएम तोप और पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर से दुश्मन के ठिकाने ध्वस्त किए गए।

अभ्यास में एम 777 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर प्रमुख हथियार प्रणालियों में शामिल है। हल्की होने के कारण इसे तेजी से तैनात कर फायरिंग करने और फिर फायरिंग पोजीशन

- **'युद्ध अभ्यास-2026' में एम 777 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर प्रमुख हथियार प्रणालियों में शामिल है**

बदलने की क्षमता का अभ्यास किया जा रहा है। आधुनिक युद्ध में तेजी से पोजीशन बदलने की इस प्रक्रिया को 'शूट एंड स्कूट' कहा जाता है। भारतीय सेना का पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर भी अभ्यास में शामिल है। इसके जरिए एक साथ बड़ी संख्या में रॉकेट दागकर निर्धारित क्षेत्र में फायर पावर पहुंचाने की क्षमता का प्रदर्शन किया जा रहा है। धनुष तोप और पिनाका के साथ अभ्यास से दोनों सेनाओं को अलग-अलग आर्टिलरी और रॉकेट प्रणालियों के बीच तालमेल का प्रशिक्षण मिल रहा है।

दुनिया में तेजी से बढ़ रहे ड्रोन अटैक जैसी गंभीर खतरों से निपटने के लिए भी प्रभावी तैयारी की जा रही है। अमेरिकी सेना का काउंटर-ड्रोन सिस्टम भी युद्धाभ्यास में शामिल है। इसके साथ एल/70 एयर डिफेंस गन जैसी प्रणाली का इस्तेमाल छोटे और धीमी गति से उड़ने वाले ड्रोन खतरों के खिलाफ किया जा रहा है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में अटैक हेलिकॉप्टर भी अभ्यास का हिस्सा है। हेलिकॉप्टर और जमीन पर मौजूद सैनिकों के बीच एयर-ग्राउंड कोऑर्डिनेशन, लक्ष्य की पहचान और संयुक्त कार्रवाई से जुड़ी ट्रेनिंग की जा रही है। अपाचे भारतीय सेना की प्रमुख अटैक हेलिकॉप्टर प्रणालियों में शामिल है। अमेरिकी सेना की ओर से हिमार्स और स्टिंगर एयर डिफेंस सिस्टम भी अभ्यास में शामिल है। हिमार्स मोबाइल प्रिसीजन रॉकेट फायर के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जबकि स्टिंगर कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है। इनके साथ अमेरिकी और भारतीय सैनिक संयुक्त रूप से फायरिंग और ऑपरेशनल तालमेल का अभ्यास कर रहे हैं।

15 से 28 सितंबर तक संयुक्त अभ्यास होगा, जिसमें पहले चरण में महाजन फील्ड फायरिंग में अभ्यास चल रहा है, जबकि दूसरे फेज उत्तराखंड के औली में युद्धाभ्यास हो रहा है। वहां दोनों देशों की सेनाएं ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाके में पैदल सेना आधारित अभियानों, पर्वतीय युद्ध कौशल और अलग भौगोलिक परिस्थितियों में संयुक्त संचालन का अभ्यास कर रही हैं।

मनोहरपुर में मकान से नगदी और जेवर चोरी

बेटे के इलाज के लिए जोड़ी रकम भी ले गये चोर

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे के तोपचीवाड़ा स्थित सनराइज कॉलोनी में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक गरीब परिवार के मकान को निशाना बनाते हुए नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित बाबू खान ने बताया कि पीड़ित परिवार ने अपने बेटे के इलाज के लिए बड़ी मुश्किल से करीब 50 हजार रुपये जमा किए थे, जिन्हें भी चोर चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि उनके बेटे के दोनों पैर का इलाज करवाने को लेकर रकम जोड़ी थी।

जानकारी के अनुसार चोर पड़ोसी मकान से लकड़ी की सीढ़ी लगाकर घर के पीछे पहुंचे और सीमेंट की जाली तथा जंगला तोड़कर मकान के अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने कमरे में रखी अलमारी से नगदी व जेवरात चुरा लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने अंदर से कुंडी लगाकर दरवाजा बंद कर दिया, ताकि परिवार को घटना की भनक न लग सके। पीड़ित महिला ने बताया कि घटना के समय घर में महिला और बच्चा अकेले सो रहे थे।

- **चोर पड़ोसी मकान से लकड़ी की सीढ़ी लगाकर घर के पीछे पहुंचे और सीमेंट की जाली तथा जंगला तोड़कर मकान के अंदर घुस गए**

सुबह करीब साढ़े चार बजे जब परिवार का मुखिया बाबू खान घर लौटा तो जिस कमरे में चोरी हुई उस कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। पीछे जाकर देखने पर जंगला और सीमेंट की जाली टूटी हुई दिखाई दी। अलमारी का सामान बिखरा देखकर चोरी का पता चला। इसके बाद परिवार ने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने पर मनोहरपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा संदिग्ध गतिविधियों की जांच शुरू की। साथ ही डीएसटी टीम को भी बुलाया गया। टीम ने अलमारी और अन्य स्थानों से फिंगर प्रिंट लिए तथा बिखरे सामान की जांच कर साक्ष्य जुटाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि तोपचीवाड़ा क्षेत्र में इस प्रकार की यह पहली बड़ी चोरी की घटना है। गरीब परिवार के अपाहिज बेटे के इलाज के लिए जमा की गई रकम चोरी होने से परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पीड़ित बाबू खान ने बताया कि वह और उसकी पत्नी सुमन और बेटा समीर ही इस मकान में रहते हैं यह पूर्व में अजीतगढ़ रहते थे इनके बच्चे के दोनों पैर से चला नहीं जाता है उसका उपचार करवाने को लेकर पाई पाई जमा की थी। पीड़ित बाबू खान इवेंट पर गाना गाने सावे का काम करता है, जोकि नयाबास में प्रोग्राम में गया हुआ था। वह करीब सुबह 4:30 बजे घर पहुंचा था।

सीकर में सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में संचालित केंटीन का निरीक्षण किया

सीकर, (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आमजन को शुद्ध व ताजा खाद्य वस्तुएं उपलब्ध हो, इसके लिए चिकित्सा विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। विभाग की टीमों ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी, जिला कलेक्टर आशीष मोदी व सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में गुरूवार को सीकर शहर में संचालित सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में संचालित केंटीन और उनके आस पास के क्षेत्र में स्थित भोजनालय, टी स्टॉल, ठेलों पर खाद्य वस्तुओं की जांच की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी महमूद अली, फूल सिंह बाजिया, नंदराम मीणा, सुरेश कुमार, अंबिा चौधरी, शुभम वर्मा, साधना जांगिड़, कमलेश कुमार मीणा, तरूण कुमार शर्मा, सुनिता यादव और विकेश कुमार मीणा की टीमों ने सीकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित प्राइवेट व निजी अस्पतालों में संचालित केंटीन, आस पास के

- **खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य वस्तुओं के सैम्पल जांच के लिए जयपुर भेजे**

भोजनालय, ठेलों पर खाद्य वस्तुओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने नेहरू पार्क स्थित सरकारी जनाना अस्पताल की केंटीन का निरीक्षण कर रसगुल्ले का सैम्पल लिया और संचालक को कमियां पाए जाने पर इम्प्रूमेंट नोटिस दिया। फतेहपुर रोड स्थित केजीएन हॉस्पिटल में केजीएन फार्मेसी का निरीक्षण कर बिस्किट का सैम्पल लिया और कमियों में सुधार के लिए नोटिस दिया।

सरकारी जनाना अस्पताल के पास श्री श्याम टी स्टॉल से ब्रेड टोस्ट का सैम्पल लिया और कमियां पाए जाने पर संचालक को नोटिस दिया। पिपराली रोड स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल के पास संचालित कूल सिटी आईस क्रीम एंड बेकर्स में कमियां मिलने पर संचालक को नोटिस दिया। वहीं डोमिनोज पीज्जा व श्री बालाजी टी स्टॉल का निरीक्षण तथा पिपराली रोड स्थित श्री गिनजी भोग फास्ट फूड में कमियां पाए जाने पर संचालक को सुधार के लिए नोटिस दिया।

सांवली रोड स्थित श्री श्याम केंटीन से गेहूं के आटे तथा श्री कृष्णा रेस्टोरेंट के यहां से तेल का सैम्पल लिया और सुधार के लिए दोनों के संचालक को नोटिस दिया। यहां साहिल सरकार के निरीक्षण के दौरान दस लीटर अवधिपार कोल्ड ड्रींक पाई गई, जिनको संचालक की सहमति से नष्ट करवाया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दुकानदारों को आमजन को शुद्ध व ताजा खाद्य वस्तुएं उपलब्ध कराने की हिदायत देते हुए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए पाबंद किया। सभी सैम्पलों को जांच के लिए खाद्य जन प्रयोगशाला जयपुर भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

युवती से दुष्कर्म

सीकर, (निसं)। सीकर में 23 साल की युवती का अश्लील वीडियो बनाया, फिर ब्लैकमेल करते हुए आरोपी ने रेप किया। किसी को बताने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। धमकी देकर आरोपी बार-बार युवती को मिलने के लिए दबाव बनाता रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। युवती ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि गांव के ही रहने वाले एक युवक ने चोरी छिपकर उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। आरोपी ने इस वीडियो को वायरल करने की धमकी दी।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने युवती को मिलने के लिए बुलाया और फिर उसके साथ रेप किया। रेप करने के बाद आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी बार-बार युवती को मिलने के लिए बुलाने का दबाव बनाने लगा। पहले तो युवती ने यह बात किसी को नहीं बताई। आखिर में परेशान होकर उसने ये बात अपने घरवालों को बताई और पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

न्यायाधिपति विनीत माथुर ने डूंगरपुर सभापति सुशीला गुप्ता को बधाई दी

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति विनीत माथुर ने गुरुवार को डूंगरपुर पहुंचकर नगर परिषद की नवनिर्वाचित सभापति एवं शहर की प्रथम नागरिक सुशीला गुप्ता को उनके निवास पर पहुंचकर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने विश्वास जताया कि

- **न्यायाधिपति माथुर ने सभापति के पदभार ग्रहण करने से पहले नगर परिषद डूंगरपुर सभापति के चेंबर का निरीक्षण किया**

सुशीला गुप्ता के कार्यकाल में डूंगरपुर शहर विकास की चार गुनी रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शहर के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को लेकर परिषद के सामने व्यापक संभावनाएं हैं।

न्यायाधिपति माथुर ने सभापति के पदभार ग्रहण करने से पहले नगर परिषद डूंगरपुर सभापति के चेंबर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने परिषद की कार्यप्रणाली और शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर नगर परिषद लंबे समय से स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। अब इसी आधार को आगे बढ़ाते हुए शहर में चहुंमुखी विकास की दिशा में काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि केके गुप्ता के कार्यकाल से शहर में स्वच्छता और विकास को लेकर किए गए कार्यों से सभी परिचित हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ लेते हुए डूंगरपुर को विकसित शहरों की श्रेणी में देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाई जा सकती है। न्यायाधिपति ने सभापति सुशीला गुप्ता से कहा कि वे सत्य और पारदर्शिता की राह पर चलते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

डूंगरपुर सभापति सुशीला गुप्ता को न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर विनीत माथुर ने गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी।

इस अवसर पर नगर परिषद के ब्रांड एम्बेसडर केके गुप्ता ने न्यायाधिपति विनीत माथुर का गुलदस्ता भेंट कर एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने शहर के विकास और पर्यटन की संभावनाओं को लेकर आने वाले समय में प्रस्तावित एवं चल रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

रिटायर्ड फौजी की कुएं में डूबने से मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के सामीतेड गांव में एक रिटायर्ड फौजी की कुएं में डूबने से मौत हो गई। वह खेतों में फसलों को पानी देने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

कोतवाली थाने के एएसआई गजराज सिंह ने बताया कि सामीतेड निवासी अर्जुन कोटेड ने रिपोर्ट में बताया कि उनके 70 वर्षीय पिता शंकरलाल कोटेड, जो रिटायर्ड फौजी थे, फसलों को पानी देने खेत गए थे। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोग खेतों पर गए। वहां शंकरलाल नहीं मिले। कुएं के पास उनकी चप्पल और मोबाइल मिला। इसके बाद कुएं में देखा तो शंकरलाल का शव पानी में तैर रहा था। घटना की सूचना पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला।

कोटा में कांग्रेस पार्षद के क्लीनिक को अवैध मानकर सीज़ किया

कोटा, (निसं)। नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 42 से कांग्रेस के पार्षद बने सियाराम वर्मा पर पुलिस और चिकित्सा विभाग की कार्रवाई का मामला सामने आया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने उनके क्लीनिक को सीज कर दिया है, जहां पर वह मेडिकल प्रैक्टिस करते हैं। चिकित्सा विभाग ने इस संबंध में नोटिस भी चस्पा किया है जिसमें क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के उल्लंघन की बात कही है।

कुन्हाड़ी थाना अधिकारी देवेश भारद्वाज का कहना है कि कुन्हाड़ी अस्पताल के प्रभारी डॉ.चंद्र प्रकाश कलवार ने उन्हें शिकायत दी थी जिसमें अवैध क्लिनिक चलने की बात कही थी। मेडिकल प्रैक्टिस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच एएसआई हरिओम मीणा को सौंपी है।

सीएमएचओ डॉ.नरेंद्र नागर का कहना है कि उन्हें ललित कुमार ने शिकायत दी थी। इसमें बालिता रोड पर एक अवैध क्लिनिक चलने की बात कही गई। कुन्हाड़ी अस्पताल के प्रभारी डॉ.चंद्र प्रकाश कलवार को जांच के दिशा निर्देश दिए गए थे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही क्लीनिक को सीज किया गया है। क्लीनिक में मेडिकल प्रैक्टिस करने की बात सामने आई है, जबकि उनके पास कोई चिकित्सकीय सर्टिफिकेट नहीं है। हमने यह सर्टिफिकेट भी मांगा गया है। उन्होंने इस संबंध में टीम भेजकर नोटिस चस्पा करवाया है।

इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस पार्षद सियाराम वर्मा का कहना है कि वह 20 साल से मेडिकल प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्होंने नर्सिंग की ट्रेनिंग की हुई है। वह केवल इंजेक्शन लगाने और ड्रिप चढ़ाने का काम करते हैं। यह भी डॉक्टर के पर्चे के आधार पर किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी को मेयर वोटिंग में वोट डलवाने के लिए की जा रही है। दबाव बनाया जा रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता होने के नाते कांग्रेस को ही वोट दूंगा। सियाराम वर्मा का कहना है कि उनकी बंद दुकान को ही सीज कर दिया गया है। वे लंबे समय से दुकान पर नहीं गए थे। पहले चुनाव में व्यस्त थे और उसके बाद स्वागत और लोगों से मिलने-जुलने में व्यस्त हैं। ऐसे में बंद दुकान पर ही नोटिस चस्पा कर दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें डराने-धमकाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। नोटिस के संबंध में जानकारी आसपास दुकान संचालित करने वाले लोगों ने दी है। इस नोटिस में 2 दिन में जवाब देने के लिए कहा गया था। नोटिस में लिखा है कि इन दो दिनों में उपस्थित नहीं होने पर एफआईआर करवाई जाएगी, लेकिन यह भी संज्ञान में आया है कि मेरे खिलाफ मुकदमा 23 सितंबर को ही मेरे खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

उदयपुर जेल में कैदी के पास मोबाइल मिला

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर सेंट्रल जेल में एक बार फिर कैदी के पास मोबाइल मिला है। इस संबंध में जेल प्रहरी लक्ष्मणराम ने सूरजपोल थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

शिकायत में बताया कि बुधवार करीब 3.30 बजे कैदियों की तलाशी ली गई। इस दौरान विचाराधीन कैदी विक्रम सिंह पुत्र रामसिंह शेखावत निवासी सवाई माधोपुर के कब्जे से की-पेड वाला मय बैटरी मोबाइल मिला। तलाशी के दौरान उसने मोबाइल अपने बाएं हाथ की बाजू के बीच छिपाया हुआ था। जेल प्रहरी ने मोबाइल जब्त कर पुलिस को सुपुर्द किया। वही, पुलिस इस मामले में जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 15 सितंबर 2026 को जब सूरजपोल थाना पुलिस जेल का निरीक्षण करने पहुंची थी। उस दौरान हिस्ट्रीशीटर नरेश वाल्मिकी के बैरक की जांच की। जहां से एक मोबाइल बरामद किया। वहीं जली हुई सिगरेट, बीड़ियां और इसके रेपर भी पड़े मिले। बैरक के पास ही एक इंडक्शन भी मिला।

दहेज हत्या के दोषी पति को सात साल की सजा

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 19 गवाहों के बयान दर्ज कराये

कोटा, (निसं)। दहेज हत्या के करीब पांच साल पुराने मामले में अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश महिला उत्पीड़न क्रम-2 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी पति को दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुनाई।

अपर लोक अभियोजक रामहेत सैनी ने बताया कि 28 अक्टूबर 2021 को मृतका की मां ने मोड़क थाने में रिपोर्ट दी। फरियादीया ने रिपोर्ट में कहा कि उसने अपनी बेटी लक्ष्मी का विवाह 27 जून 2020 को दाबादेह निवासी करण उर्फ बन्टी के साथ किया था। उसकी बेटी ससुराल दाबादेह में रह रही थी। उसकी बेटी का उसके पास भी आना जाना था। रिपोर्ट में कहा कि उसकी बेटी लक्ष्मी शादी के कुछ महीनों बाद उसके पास आई और कहा कि दहेज की मांग को लेकर उसका पति व सुसराल पक्ष के अन्य आये दिन उसके साथ मारपीट करते हैं। एक दिन उसको सूचना मिली कि उसकी बेटी लक्ष्मी ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया और उसकी बेटी को मोड़क अस्पताल लेकर गये हैं। सूचना पर मोड़क अस्पताल पहुंची। रिपोर्ट में कहा कि उसकी बेटी लक्ष्मी को उसका पति करण उर्फ बंटी व सास, ससुर ने दहेज की मांग कर दहेज के लिये प्रताड़ित किया, प्रताड़ित होकर उसकी बेटी ने फांसी लगाई है।

पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए मृतका के पति करण उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया, मामले में 19 गवाहों के बयान दर्ज कराये गये।

कार की टक्कर से युवक घायल

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के चलते बाइक और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार अशोक यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर बताया गया है।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार जिजुवाली की ढाणी पंडितपुरा निवासी शेरसिंह यादव ने बताया कि 21 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे उसके भाई प्रदीप यादव और अशोक यादव मोटरसाइकिल से घर से पुरानी ढाणी खिजुरवाली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान टसकोला रोड से ककराना की ओर जाने वाले मार्ग पर लादूराम यादव के मकान के पास सामने से आ रही स्पिट कार के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। हादसे में अशोक यादव के गंभीर चोटें आईं और उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया। घायल को उनके भाई प्रदीप यादव द्वारा तत्काल कोटपूतली के अस्पताल ले जाया गया।

जोधपुर : हमले में घायल युवक की पांच माह बाद घर पर मौत

जोधपुर, (कासं)। गत 10 मई को एक हमले में घायल युवक शाहरूख की आज मौत हो गई। मृतक के परिजन एमजीएच की मोर्चरी पर एकत्र हो गए। हालांकि पुलिस द्वारा घटना में सात आरोपियों को वारदात के दस दिन बाद ही पकड़ लिया था, जिनमें ज्यादातर आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में है और कुछ को जमानत मिली है। आरंभिक जांच में सामने आया कि इनके बीच पिछले दस साल से खूनी रंजिश चल रही है। पहले से ही इनके प्रकरण पुलिस में दर्ज हो रखे हैं। पुलिस ने प्रकरण में दो अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। बाद में वांछित चल रहे पांच अभियुक्तों राजीव गांधी कॉलोनी पाल लिंक रोड निवासी अमन खां पुत्र फिरोज खां, बोंबे मोटर्स चौराहा के पास रहने वाले मो. हादी पुत्र पीर मो., रहमान खां पुत्र अमनादुल्ला एवं इस्हाक कुरैशी को भी गिरफ्तार किया गया था।

सरदारपुरा थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि प्रकरण में सात लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। कुछ को जमानत मिली थी और कुछ जेल में है। शाहरूख को अस्पताल से घटना के 10-12 दिन बाद ही छुट्टी दे दी गई थी।

- **पुलिस मामले में सात आरोपियों को पहले ही गिरफ़्तार कर चुकी है**
- **आरंभिक जांच में सामने आया कि पिछले दस साल से आपसी खूनी रंजिश चल रही थी**

अब उसकी घर पर ही मौत हुई है और परिजन अस्पताल लेकर आए हैं। प्रकरण में एक दो और लोग है जिनकी तलाश जारी है।

मामले के अनुसार नादिर खान पुत्र सिकन्दर खान निवासी सिंधी मुस्लिम बस्ती मसूरिया रोड हाल उमराव खान पट्रोल पम्प के पीछे रफीक खान के मकान में किरायेदार बोम्बे मोटर्स निवासी नादिर खान की तरफ से 10 मई को मामला दर्ज कराया गया था। इसके अनुसार सुबह करीब 6 बजे के लगभग उसका भाई शाहरुख खान व उसका दोस्त मोहसिन अपनी मोटर साइकिल से दल्ले खों की चक्की से पाँचवी रोड जाने के लिए रवाना हुए थे। दोनों बारहवीं रोड चौराहा मन्दिर के पास पहुंचे तब पीछे से दो कारों में सवार वसीम, बरकत, प्रिंस, शौकत उर्फ भासा, इस्हाक कुरैशी, जावेद उर्फ टाईगर व 2-3 अन्य लोग सवार थे। उनमें वसीम ने अपनी कार से शाहरुख की मोटर साइकिल को टक्कर मारी जिससे शाहरुख व मोहसिन नीचे गिर गए, शाहरुख भागने लगा तो दूसरी कार में सवार शौकत ने अपनी कार से शाहरुख को टक्कर मार गिरा दिया तथा दोनों कार में सवार व्यक्ति नीचे उतरे, जिसमें वसीम व प्रिन्स के हाथों में तलवारें थी।

उन्होंने शाहरुख के सिर, आँख व शरीर के नाजूक अंगों पर उसको जान से मारने की नीयत से तलवारों से जानलेवा हमला किया। हमले में शाहरुख के शरीर पर कई जगह फ्रैक्चर व गंभीर चोटें आईं। कार की टक्कर से मोहसिन के पैरो में चोट आई। शाहरुख को गंभीर घायल अवस्था में शरीफ खॉ ऑटो रिक्शा में डालकर मथुरादास माथुर अस्पताल लेकर गए। शाहरूख खांडाफलसा में वर्ष 2021 में हुए मर्डर के मामले में मुख्य गवाह था। प्रकरण में वसीम, जावेद उर्फ टाइगर व अन्य आरोपी थे तथा शाहरुख को न्यायलय में अपने बयानों से मुकर जाने का दवाब भी बनाया, लेकिन शाहरुख व अन्य गवाहों ने वसीम, जावेद उर्फ टाइगर व अन्य के खिलाफ सही व सच्चे बयान दिये थे। जमानत के बाद से ही आरोपीगणों ने प्रकरण में अन्य गवाहों के साथ मारपीट, धमकी, जानलेवा हमला पूर्व में कर चुके है। 17 अप्रैल को भी इन सभी लोगों द्वारा हमला करने की कोशिश की थी, इस बाबत एक रिपोर्ट पुलिस थाना देवनगर में दी गई थी। घटना की साजिश बरकत खां नसरानी व शाकिर खॉ ने रची थी। पहले वारदात में शामिल सिन्धी मुस्लिम बस्ती दल्ले खां के पास मसूरिया निवासी वसीम खान पुत्र सिकन्दर खान और ट्रांसपोर्ट नगर पाली निवासी मो. हुसैन पुत्र मो. अनवर को गिरफ्तार किया गया है।

घटना में घायल शाहरूख खान और मुल्जिम वसीम खान और उसके दोस्त शौकत उर्फ भासा के आपस में दस साल से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इनके खिलाफ पूर्व में भी कई प्रकरण दर्ज हो रखे है।

अलवर के रामगढ़ कस्बे में डीएपी खाद के लिए किसानों की कतार लगी

समिति के पास डीएपी खाद के 600 कट्टे उपलब्ध थे, जबकि खाद लेने के लिए सैकड़ों किसान पहुंच गए

अलवर, (निसं)। रामगढ़ कस्बे के बस स्टैंड स्थित बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समिति में गुरुवार को डीएपी खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सरसों की बुआई का सीजन होने से खाद की मांग बढ़ गई हैं। किसान गुरुवार सुबह करीब 6 बजे से ही समिति के बाहर लाइन में लग गए थे। समिति का केंद्र करीब 10 बजे खुला, जिसके बाद खाद वितरण शुरू हुआ। समिति के पास डीएपी खाद के करीब 600 कट्टे उपलब्ध थे, जबकि खाद लेने के लिए सैकड़ों किसान पहुंच गए। सीमित स्टॉक के चलते खाद लेने की होड़ में किसानों के बीच धक्का-मुक्की और कहासुनी की स्थिति भी बनी। मौके पर मौजूद किसानों और समिति कर्मचारियों ने स्थिति को संभाला।

- **स्थिति को देखते हुए पुलिस की निगरानी में किसानों को व्यवस्थित तरीके से कतार में लगाया और खाद वितरण की प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई**

शुरुआत में समिति परिसर से करीब 100 कट्टे खाद वितरित किए गए। इसके बाद व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति प्रबंधन ने रामगढ़ थाने पर खाद की पर्चियां काटने का निर्णय लिया। पर्चियां थाने पर काटे जाने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में किसान वहां पहुंच गए। कुछ ही देर में थाने के मुख्य गेट से लेकर नगर पालिका तक किसानों की लंबी लाइन लग गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस की निगरानी में किसानों को व्यवस्थित तरीके से कतार में लगाया गया। इसके बाद खाद वितरण की प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई और शांतिपूर्ण तरीके से किसानों को डीएपी उपलब्ध कराया गया।

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार खाद का वितरण निर्धारित नियमों के तहत किया गया। किसानों के आधार कार्ड और खाता-जमाबंदी का सत्यापन करने के बाद पात्र किसानों को दो-दो डीएपी खाद के कट्टे दिए गए। किसानों ने बताया कि सरसों की बुआई के समय डीएपी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसी वजह से वे सुबह से लाइन में खड़े रहे। कई किसान घंटों इंतजार के बाद भी सीमित स्टॉक के कारण खाद नहीं ले सके और उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। कृषि विभाग ने कहा कि उपलब्ध स्टॉक के अनुसार खाद का वितरण पारदर्शी तरीके से किया गया। आधार कार्ड और जमाबंदी के सत्यापन के बाद पात्र किसानों को ही खाद दी गई।